Bareilly, Thursday,
17 April 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

# दैनिक जागरण

PAGE NO :IV TOP

# श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट शुरू



श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते आदित्य मूर्ति • जागरण

- आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग, पीएम श्री केवी एनईआर और एयरफोर्स स्कूल भी विजयी
- बेदी की टीम के नहीं पहुंचने से मानस स्थली को मिला वाक ओवर, विजयी घोषित किया



मैच के दौरान गोल करने का प्रयास करते खिलाड़ी • जागरण

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) में बुधवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का शानदार आगाज हुआ। बरेली फुटबाल संघ से मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के बीच एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति के साथ बरेली फुटबाल संघ के अध्यक्ष अमर सिंह बख्शी, सचिव मून रॉबिंसन, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया, टूर्नामेंट की आयोजन समिति के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. सोवन मोहंती, नितिन सक्सेना, शंकरपाल ने ट्राफी का अनावरण किया। सभी ने खिलाड़ियों से परिचय हासिल कर बधाई दी।

अमर सिंह बख्शी ने टूर्नामेंट को फुटबाल खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच बताया। कहा कि ऐसे टूर्नामेंट से फुटबाल की ओर भी बच्चों का रुझान बढ़ेगा। इस खेल में भी अच्छे खिलाड़ी निकलकर सामने आएंगे। आदित्य मूर्ति ने कहा कि एसआरएमएस ट्रस्ट अपनी स्थापना से ही सभी खेलों को बढ़ावा देता आ रहा है, इसीलिए यहां पर आल इंडिया टेबल टेनिस चैंपियनशिप, बैडमिंटन चैंपियनशिप, क्रिकेट चैंपियनशिप, शतरंज चैंपियनशिप और फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित की जाती रही हैं। पहला मैच मानस स्थली और बेदी इंटरनेशनल के बीच होना था, लेकिन बेदी की टीम के न पहुंचने पर वाकओवर से मानस स्थली को विजयी घोषित किया गया। दूसरे मैच में एसआर इंटरनेशनल की टीम और आर्मी पब्लिक स्कूल की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। 43वें मिनट में आर्मी पब्लिक स्कूल के अनय ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से जीत दिला दी। तीसरे मैच में सेक्रेड हार्ट्स और पीएम श्री केवी एनईआर की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। मैच आरंभ हुए अभी तीन ही मिनट हुए थे कि सेक्रेड हार्ट्स के खिलाड़ी विशेष ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी, लेकिन आठवें मिनट में ही पीएम श्री केवी एनईआर के आदित्य ने गोल कर मैच को 1-1 से बराबरी पर कर दिया। 14वें मिनट में विशेष ने फिर एक गोल कर सेक्रेड हार्ट्स को बढ़त दिलाई, लेकिन मैच के अंतिम मिनटों में ही सुप्रीत और आदित्य सिंह ने ताबड़तोड़ आक्रमण कर 1-1 गोल कर केवी को 3-2 से आगे कर दिया। मैच समाप्त होने तक यह बढ़त कायम रही और केवी पीएम श्री एनईआर को विजयी घोषित किया गया। चौथा मैच एयरफोर्स और विद्या वर्ल्ड स्कूल के बीच खेला गया। विद्या वर्ल्ड के अस्मित ने 19वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन अगले ही कुछ मिनटों में ध्रुव ने गोल कर बढ़त को बराबरी पर कर दिया। 44वें मिनट में ध्रुव ने एक और गोल कर अपनी टीम को 1-2 से बढ़त दिलाई। मैच समाप्त होने तक विद्या वर्ल्ड इस अंतर को नहीं पाट पाया, जिससे एयरफोर्स स्कूल ने 2-1 से जीत दर्ज की। इस अवसर पर कामरान असरफ, वरिष्ठ कोच एसपी सिंह, रेफरी महेश चंद्र, आशू कंडारी, प्रमोद पंत, मुन्ना और आशू भारती आदि मौजूद रहे।